समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 19 September 2026


# कॉकरोच जनता पार्टी चुनाव नहीं लड़ेगी ? संस्थापक अभिजीत दीपके ने साफ किया रुख, बोले- ‘सामाजिक आंदोलन ही रहेगा’


Sanket Morankar



Published on 03 Aug 2026




कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के संस्थापक **अभिजीत दीपके** ने चुनाव लड़ने की अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा है कि फिलहाल संगठन को **राजनीतिक दल नहीं बनाया जाएगा**। उन्होंने स्पष्ट किया कि कॉकरोच जनता पार्टी एक **सामाजिक आंदोलन** के रूप में ही काम करती रहेगी।

रणनीति तय करने के लिए हुई अहम बैठक

सोमवार को छत्रपति संभाजीनगर स्थित अभिजीत दीपके के निवास पर संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आंदोलन की आगे की रणनीति और भविष्य की दिशा पर चर्चा की गई।

बैठक से पहले मीडिया से बातचीत के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या कॉकरोच जनता पार्टी भविष्य में चुनाव लड़ेगी, तो उन्होंने स्पष्ट जवाब दिया।

“एक और राजनीतिक दल बनाकर क्या होगा ?”

अभिजीत दीपके ने कहा,

> **“मुझे लगता है कि मीडिया को ज्यादा उत्सुकता है कि हम राजनीतिक पार्टी बने। देश मे पंहले से ही इतने राजनीतिक दल है। मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों मे एंक और पार्टी बनाकर क्या हासिल होगा ? हम इसे सामाजिक आंदोलन के रूप मे हीं आगे बढ़ाना चाहते है।”**

राजनीति से लोगों का भरोसा उठ रहा है

दीपके ने मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि जनता का राजनीति पर भरोसा कम होता जा रहा है।

उन्होंने कहा,

> **"लोग सुबह किसी उम्मीदवार को वोट देते है और शाम तक सरकार किसी दूसरे समीकरण से बन जाती है। कई बार जिस विधायक या सांसद को जनता चुनती है, वह बाद मे किसी दूसरे दल मे शामिल हो जाता है।"**

बढ़ रहा है संगठन का समर्थन

अभिजीत दीपके ने कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी को युवाओं और आम लोगों का लगातार समर्थन मिल रहा है। हालांकि, उन्होंने दोहराया कि फिलहाल संगठन का उद्देश्य चुनावी राजनीति नहीं, बल्कि सामाजिक मुद्दों पर जनजागरण और जनआंदोलन को आगे बढ़ाना है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.